**हादसा** | रामपायली में हादसा, जिला अस्पताल में भर्ती

# धान रोपने जा रहीं महिलाओं की पिकअप पलटी, डेढ़ दर्जन घायल





**नवभारत, बालाघाट।** जिले में रविवार 12 जुलाई को खरीफ सीजन में धान की रोपाई के लिए निकलीं 18 महिलाएं भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गईं। ग्रामीण महिलाओं से भरा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें सभी महिलाएं घायल हो गईं।

हादसा रामपायली थाना क्षेत्र के बटरमारा पुल के पास हुआ। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घायलों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। दो महिलाएं सुनीता गजबिये और सविता लिल्हारे की गंभीर हालत को देखते हुए गोंदिया रेफर किया गया है, जबकि एक महिला का शहर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। सभी घायल ग्राम डोंगरमाली और बिटोली की निवासी हैं।

उर्मिला लिल्हारे और रेखा उपवंशी ने बताया कि वह रविवार सुबह लगभग 9 बजे अपने गांव (डोंगरमाली) से पिकअप में बैठी थीं। वह सभी नेवरगांव में धान की रोपाई (पराह) लगाने जा रही थीं। तभी बटरमारा पुल के पास पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद जब आंख खुली तो सभी महिलाएं घायल अवस्था में गिरी पड़ी थीं, जबकि पिकअप वाहन खेत में पलटा हुआ था। रामपायली पुलिस घायलों के बयान ले रही है। घटना के बाद पिकअप चालक फरार हो गया।



## अमित नेवारे की सुपुत्री के उज्ज्वल भविष्य हेतु महाविद्यालय परिवार ने प्रदान की 50,000 की आर्थिक सहायता

**नवभारत, बालाघाट।** शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए महाविद्यालय के अतिथि विद्वान स्वर्गीय अमित नेवारे जी की तेरहवीं के अवसर पर उनकी सुपुत्री के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय परिवार की ओर से ?50,000 (पचास हजार रुपये) की आर्थिक सहायता राशि उनकी धर्मपत्नी को ससम्मान प्रदान की।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक मराठे ने कहा कि स्वर्गीय अमित नेवारे जी का महाविद्यालय के प्रति समर्पण एवं सेवाएं सदैव स्मरणीय रहेंगी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय परिवार इस दुःख की घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़ा है तथा भविष्य में भी हर संभव सहयोग के लिए तत्पर रहेगा।

इस सहयोग राशि के संकलन एवं वितरण में आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. सीमा श्रीवास्तव तथा प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ. मेजर आर. एन. झारिया का विशेष योगदान रहा। इनके प्रयासों से महाविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वेच्छा से सहयोग राशि एकत्रित कर स्व. नेवारे जी के परिवार को प्रदान की।

महाविद्यालय परिवार ने स्वर्गीय अमित नेवारे जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से उनकी पुण्यात्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

यह सहयोग महाविद्यालय परिवार की सामाजिक संवेदनशीलता, पारिवारिक एकता एवं मानवीय मूल्यों का प्रेरणादायी उदाहरण है।

**एक नजर में**

## पेयजल स्त्रोतों का किया गया क्लोरीनीकरण

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में संचालित डायरिया रोको अभियान के तहत रविवार 12 जुलाई को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग ने पेयजल स्त्रोतों को सुरक्षित बनाने के लिए व्यापक अभियान चलाया। उपखंड लांजी, किरनापुर, लालबर्रा, बैहर एवं बालाघाट की टीमों ने कटंगी, कोचेवाही, नक्शी, रजेगांव, टेंगनीखुर्द, पनबिहरी, खोलवा और नेवरगांव गांवों में पहुंचकर खराब पड़े हैंडपंपों का तत्काल सुधार कार्य कराया। अभियान के दौरान सुधारे गए हैंडपंपों के साथ-साथ गांवों के अन्य सभी हैंडपंपों में भी जर्मेक्स (क्लोरीनीकरण) किया गया, जिससे पेयजल में मौजूद हानिकारक कीटाणुओं का नाश हो सके और डायरिया सहित अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी एल उइके ने बताया कि वर्षा ऋतु में दूषित पेयजल के कारण डायरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए जिलेभर में पेयजल स्त्रोतों की नियमित निगरानी, हैंडपंपों की मरम्मत और क्लोरीनीकरण का कार्य लगातार किया जा रहा है।

## लाड़ली बहना योजना की 38वीं किश्त जारी

**बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार 12 जुलाई को भिंड जिले के लहार में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 38वीं किश्त सिंगल क्लिक के माध्यम से जारी कर प्रदेश की 1.25 करोड़ से अधिक महिलाओं के खातों में 1835 करोड़ रुपये अंतरित किए। इस अवसर पर बालाघाट जिले की 3 लाख 44 हजार 591 लाड़ली बहनों के खातों में 50 करोड़ 13 लाख 43 हजार 100 रुपये की राशि पहुंची। योजना के तहत प्रत्येक पात्र महिला के खाते में 1500-1500 रुपये जमा किए गए। जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने कार्यक्रम देखा और योजना की राशि प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। जून 2023 में योजना प्रारंभ होने से लेकर 12 जुलाई 2026 तक बालाघाट जिले की 3 लाख 44 हजार 591 से अधिक लाड़ली बहनों को 1688 करोड़ 38 लाख रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता प्राप्त हो चुकी है। इस योजना ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ जिले की अर्थव्यवस्था को भी नई गति प्रदान की है।

## मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस का प्रांतीय सम्मेलन आयोजित

**नवभारत, बालाघाट।** मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस का प्रांतीय सम्मेलन बालाघाट शहर स्थित शीतल पैलेस में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। सम्मेलन में शिक्षकों की समस्याओं, शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा संगठन की भावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में वारासिवनी विधायक विवेक विक्की पटेल ,पूर्व जिला अध्यक्ष लोचन सिंह देशमुख जी,संरक्षक रामनारायण त्रिपाठी ,(कटनी), प्रांत अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी उपप्रांत अध्यक्ष बी.एल.चौधरी जी,सीएम राइज बालाघाट प्राचार्य ,कर्मचारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष सर्जल मस्की जी सहित जिले के अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे।




## कुएं में उतरने से पहले जहरीली गैस की जांच जरूर करें, थोड़ी सी सावधानी बचा सकती है जान

▶ कलेक्टर मृणाल मीना की किसानों और ग्रामीणों से अपील

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले में कुओं में जहरीली गैस और ऑक्सीजन की कमी से होने वाली दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने किसानों, ग्रामीणों और आमजन से कुएं में उतरने से पहले जहरीली गैस की जांच करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि थोड़ी सी सतर्कता और सावधानी कई अनमोल जिंदगियां बचा सकती है।

कलेक्टर श्री मीना ने बताया कि फसलों की सिंचाई के लिए मोटर पंप नीचे उतारने, खराब मोटर की मरम्मत करने अथवा अन्य कारणों से कई बार लोगों को कुएं में उतरना पड़ता है। लेकिन बिना जांच और सुरक्षा उपायों के कुएं में उतरना जानलेवा साबित हो सकता है। बालाघाट जिले में विगत वर्षों में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें लोगों की दम घुटने से मौत हुई है। 9 जुलाई को भी जिले में जहरीली गैस की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई है।

कलेक्टर श्री मीना ने जिले के सभी गांवों में कोटवार के माध्यम से मुनादी करा कर किसानों, ग्रामीणों और आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि सीमेंट-कंक्रीट के कुओं में गोबर, पेड़ों की पत्तियों तथा अन्य जैविक पदार्थों के विघटन से कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, हाइड्रोजन सल्फाइड, अमोनिया और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड जैसी जहरीली गैसें बन जाती हैं। इन गैसों के कारण कुएं में ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है और बिना सावधानी के उतरने वाले व्यक्ति की दम घुटने से मृत्यु हो सकती है।

कलेक्टर श्री मीना ने बताया कि कुएं में जहरीली गैस की जांच का एक सरल तरीका यह है कि जलते हुए दीये को रस्सी के सहारे पानी की सतह तक ले जाएं। यदि दीया पानी के पास पहुंचकर बुझ जाए तो समझ लें कि कुएं में जहरीली गैस मौजूद है और उसमें उतरना सुरक्षित नहीं है। यदि गैस मौजूद हो तो उल्टे खुले छाते को रस्सी के सहारे पानी की सतह तक ले जाकर बार-बार ऊपर खींचने अथवा ऊपर से पानी का छिड़काव करने से गैस को बाहर निकाला जा सकता है। इसके बाद पुनः जलते हुए दीये से जांच कर यह सुनिश्चित करें कि वह पानी की सतह तक जलता रहे, तभी कुएं में उतरें।

## 5 स्कूल वाहनों का कटा चालान फिटनेस में मिलीं खामियां

**जबलपुर।** परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ शनिवार को एक बड़ा चेकिंग अभियान चलाया। एमएम इंटरनेशनल स्कूल में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती रिंकू शर्मा के निर्देशन में चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान परिवहन विभाग के दस्ते ने 7 वाहनों की सघन जांच की। इस कार्रवाई में 2 वाहन एमपी 66 पी 0418 और एमपी 20 डीए 7744 नियमों का पालन करते पाए गए, जबकि अन्य 5 वाहनों में भारी खामियां मिलीं।

## सरकारी क्वार्टर कविता को मिला विशेष सम्मान

▶ साहित्य संगम की पावस काव्य गोष्ठी आयोजित

**नवभारत कटंगी 12 जुलाई।** प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था साहित्य संगम तिरोड़ी द्वारा पावस काव्य गोष्ठी का आयोजन संस्था के अध्यक्ष दिनेश देहाती के निवास पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अविनाश देशमुख ने की। कार्यक्रम की शुरुआत विगत राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मेलन की समीक्षा के साथ हुई। इसके बाद उल्लेखनीय योगदान के लिए सभी सदस्यों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और साहित्य भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मान के बाद शुरू हुई काव्य गोष्ठी में कवियों ने अपनी रचनाओं से माहौल को साहित्यिक बना दिया।



### कवियों ने भी किया काव्य पाठ

सबसे सुंदर कविता सरकारी क्वार्टर साक्षी मेश्राम ने प्रस्तुत की। इसके अलावा अंदाज ताज, इमरान कुरैशी, नवीन निश्चल, देवकी देवांगन, मातेश्वरी पटले ने अपने चिर-परिचित अंदाज में काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में बिंदेश टांक और हुबलाल जेठूमल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष अविनाश देशमुख ने संस्था के अध्यक्ष दिनेश देहाती के प्रयासों की सराहना की। आभार प्रदर्शन देवकी देवांगन ने किया।

## प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने विभिन्न मांगो को लेकर विधायक विवेक पटेल को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, वारासिवनी।** महंगाई भत्ता,पेंशनरों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा और लंबित एरियर्स,मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच मंहगाई राहत के लिए सहमति लेने वाली धरा 49(6) को पूरी तरह खत्म किया जाए ।80 वर्ष के बजाए 79 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पेंशनरों को 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन मिलना शुरू किया जाए ।केंद्र सरकार के समान और समय पर पूरी मंहगाई राहत दी जाए ।जैसे विभिन्न मांगो को लेकर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को विधायक जनसंपर्क कार्यालय पहुंचकर विधायक विवेक विक्की पटेल को ज्ञापन सौंपा ।इस दौरान जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा,कार्यकारी अध्यक्ष एस एस गंगेले,उपाध्यक्ष के एल लिल्हारे,बसंत मिश्रा,छगनलाल विजयवार,दिनेश नेमा,अशोक शुक्ला,सोहनलाल डोहरे,दशराम पटले,एन पी नेमा,आर एस बैस,मनोहर बोकडे,सुरेश दुबे,शिवलाल चौधरी,बाजीराव डहाके मौजूद रहे।



## प्रीति डोंगरे का माइनिंग इंस्पेक्टर पद पर हुआ चयन

**नवभारत, किरनापुर।** किरनापुर की होनहार बेटी प्रीति डोहरे ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए माइनिंग इंस्पेक्टर पद पर चयन पाया है।अपनी उपलब्धि का श्रेय उन्होंने माता-पिता यदुनाथ डोहरे और श्रीमती ललिता डोहरे, भाई सुमित डोहरे, पुष्कर डोहरे, तिलक डोहरे चाचा जी और मित्रों और गुरुजनों को दिया है। इस सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है, वहीं प्रीति ने किरनापुर का नाम रोशन कर युवाओं के लिए प्रेरणा का नया उदाहरण प्रस्तुत किया है।आपको बता दे की एमपी पीएससी की परीक्षा इंदौर द्वारा आयोजित परीक्षा में माइनिंग इंस्पेक्टर पद पर चयनित होकर पूरे जिले एवं समाज का नाम गौरवान्वित किया है इस अवसर पर उनके परिवारों ने कहा कि प्रिति डोहरे की सफलता केवल उनकी व्यक्तिगत संघर्ष का परिणाम नहीं बल्कि उनके परिवार की त्याग तपस्या सहयोग और वर्षों की मेहनत का प्रतिफल है ।समाज एवं उन्होंने समाज एवं पूरे क्षेत्र का नाम गर्व से ऊंचा किया है ।और उनकी उपलब्धि से युवाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति नई ऊर्जा एवं आत्मविश्वास का संचार होगा।समाज की प्रतिनिधियों ने ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य दीर्घायु एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वह आगे भी अपनी सेवाओं एवं कार्यों से प्रदेश समाज और राष्ट्र का गौरव बढ़ाते रहेंगी।



## रामपायली चौक के बाद कंटगी और लालबर्रा की सीमायें भी स्ट्रीट लाईट से सुसज्जित होंगी

### नपा परिषद के लोकार्पण कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष पार्षद प्रबुद्ध नागरिक रहे उपस्थित

**नवभारत, वारासिवनी।** नगर की सभी सीमाओ को सौदर्यीक्रत करने के उद्वेश्य से आज नपा परिषद ने महाराष्ट राज्य की दिशा मे रामपायली चौक पर स्ट्रीट लाईट की सुविधा की शुरूवात कर विकास के नये आयाम स्थापित किये है। स्ट्रीट लाईट लोकार्पण कार्यक्रम मे पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, वरिष्ठ नेता किशोर अमूले, प्रदीप शरणागत, रिधन चौहान के साथ नपा के अधिकारीगण भी इस समारोह मे अतिथी के रूप मे उपस्थित रहे।



रामपायली चौक मे जैसे ही अतिथी प्रदीप जायसवाल ने स्ट्रीट लाईट के बटन को आन किया वैसे ही पुरा मुख्य मार्ग चकाचौध रोशनी से जगमगा गया। गौरतलब है की इस मार्ग पर चंदन नदी के पूल से रिधनलाल चौहान की राईस मिल तक पहले अंधेरा रहने से परेशानी का अनुभव होता रहा है। किंतू आज जैसे ही स्ट्रीट लाईट की रोशनी से यह मार्ग जगमगाया आवागमन करने वाले वाहन चालको और राहगीरो ने स्थल पर ही गुडडा भैया और नपा अध्यक्ष को इस प्रासंगिक कार्य की बधाई प्रेषित की।

**विद्युत उपकेंद्र** | एक काम और दो विधायक व पूर्व मंत्री ले रहें श्रेय

## खैरलांजी में 132 केवी विद्युत उपकेंद्र हुआ स्वीकृति, आखिर किसकी है देन?

**नवभारत, खैरलाँजी।** खैरलांजी तहसील क्षेत्र में दो विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं, जिसमें विधानसभा कटंगी और विधानसभा वारासिवनी क्षेत्र हैं... मजे की बात तो यह हैं कि दोनों विधानसभा में दोनों ही अगल-अगल पार्टी से आते है, पूर्व केबिनेट मंत्री भी विकास कार्यो में श्रेय लेने की होड़ में दिखाई दे रहें है... यह हम नहीं कह रहें हैं खैरलांजी नगर में जिस तहर से मुख्यालय में 132 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्वीकृति मिली हैं उसके बाद से ही कटंगी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक गौरव सिंह पारधी, वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक विवेक विक्की पटेल और वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व में केबिनेट मंत्री रहें भाजपाई प्रदीप जायसवाल के समर्थकों ने अपने-अपने नेताओं को कार्य स्वीकृति दिलाने के लिए श्रेय लेने के लिए पोस्टर और बैनर लगा दिए है.. लेकिन आमजन अंसमजस्य में हैं कि आखिर स्वीकृति किसने दिलाई है?



जानकारी अनुसार, खैरलाँजी मुख्यालय में 132 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल हैं। इस उपकेंद्र के शुरू होने से खैरलाँजी क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों को बेहतर बिजली सप्लाई मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही वोल्टेज व कटौती की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही हैं।

### चौराहों पर लगे नेता के पोस्टर...

खैरलाँजी के चौक-चौराहों पर इन सभी नेताओं के समर्थन में बैनर-पोस्टर लगाए गए हैं, जिससे आम जनता के बीच भ्रम की स्थिति बन गई हैं। लोग अब खुलकर सवाल कर रहे हैं कि आखिर इस महत्वपूर्ण विद्युत उपकेंद्र की स्वीकृति किसके प्रयासों से मिली? जनता का कहना हैं कि विकास कार्यों का श्रेय लेने की बजाय जनप्रतिनिधियों को पारदर्शिता के साथ सच्चाई सामने रखनी चाहिए, ताकि लोगों को वास्तविक जानकारी मिल सके।

## घोषणा के बाद शिक्षकों की मांग पूरी करने भाजपा सरकार असफल : पटेल

▶ अतिथि शिक्षकों ने विधायक विवेक विक्की पटेल को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, वारासिवनी।** मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा अतिथि शिक्षकों के महापंचायतों में की गई घोषणा को पूरा नहीं करने सहित विभिन्न मांगो को लेकर रविवार को वारासिवनी जनसंपर्क कार्यालय पहुंचकर अतिथि शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह के नाम विधायक विवेक विक्की पटेल को ज्ञापन सौंपा है ।वहीं विधायक विवेक पटेल ने कहा कि अतिथि शिक्षक मेहनत करके बच्चों को अच्छी शिक्षा दे रहे है ।बच्चों को पढ़ा रहे है ।तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने महापंचायत बुलाकर घोषणा के माध्यम से शिक्षकों से वादा किए थे ।जो आज तक पूरा नहीं किए है ।मै इनकी मांगो को विधानसभा सत्र के दौरान ध्यानाकर्षण के माध्यम से सरकार को जगाने का प्रयास करेंगे। और सरकार से मांग करेंगे कि अतिथि शिक्षकों को नियमित किया जाए ।इस दौरान अध्यक्ष संजय राणा,रविन्द्र उरकुडे,गोपीचंद शरणागत,देवेंद्र पंचेश्वर,मोहित बिसेन,सचिन घोले,जयप्रकाश पटले,दिलीप पटले,मुनेंद्र बोरकर,चुन्नीलाल बिसेन,श्रीमती दीपकला राहंगडाले,स्वाति पटले,भूमिका लिल्हारे सहित शिक्षकगण मौजूद रहे।



विदित हो कि महापंचायत के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने अपने घोषणा के कहा था कि अनुभवी अतिथि शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए वरिष्ठता के आधार पर संविदा शिक्षकों को नियमित किया जाएगा। मगर अभी तक आदेश जारी नहीं हुआ हुआ ।वहीं शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह द्वारा अतिथि शिक्षक के स्कोर कार्ड के अंक 25 से घटाकर 20 किया गया ।जब प्रश्न काल के माध्यम से उत्तर पूछा गया तो यह बताया गया कि हमने 20 अंक बोनस के रूप में दिए है।